आकाशवाणी शिमला
01.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय संसदीय व अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि चंबा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र पांगी को मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास जारी है। चंबा ज़िले के भंजराडू में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दुर्गम इलाकों को जोड़ा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं के अलावा अन्य क्षेत्रों के विकास पर भी कार्य कर रही है। उन्होंने भंजराडू में 7 करोड़ रुपये की लागत से इंडोर स्टेडियम और 9 करोड़ रुपये की लागत वाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का शिलान्यास किया। किरेन रिजिजू ने कहा कि इंडोर स्टेडियम और आई.टी.आई. बनने से युवाओं के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी।

इस बीच केंद्रीय मंत्री ने सलूणी में भी करीब 9 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले इंडोर स्टेडियम की आधारशिला रखी।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा के प्रसार के साथ–साथ उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है। कांगड़ा जिले के राजकीय महाविद्यालय ज्वाली के वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि समय की मांग को देखते हुए सरकार शिक्षा क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी मॉडल डे–बॉर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जा रहा है जहां विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

आयुष मंत्री

कांगड़ा जिले के पंचरूखी में अखिल भारतीय डॉक्टर यशवंत सिंह परमार वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज शुरू हुई। आयुष और युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कहा कि नशे को समाप्त करना और खेलों को प्राथमिकता देना राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने लोगों से भी युवाओं को नशे से बचाने के लिए उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। यादविंद्र गोमा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। इस प्रतियोगिता में देशभर से 8 टीमें भाग ले रही हैं।

आभार

कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा ने आई.जी.एम.सी. शिमला में अत्याधुनिक थ्री–टैस्ला एम.आर.आई. मशीन स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सरकार का ये कदम राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस मशीन के स्थापित होने से मरीजों को अब उन्नत जांच के लिए प्रदेश से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

जनगणना

भारत की आगामी जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना को लेकर कार्यशाला आज शिमला में शुरू हुई। कार्यशाला में एक से 3 मार्च और 5 से 7 मार्च तक दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनगणना कार्यालय निदेशालय की निदेशक दीपशिखा शर्मा ने बताया कि ये भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी। इसके तहत डाटा संग्रह मोबाइल ऐप और वैब पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।

किसान सभा

हिमाचल किसान सभा सिरमौर का जिला स्तरीय सम्मेलन आज नाहन में हुआ जिसमें किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। किसान सभा के राज्य सचिव राकेश सिंघा ने कहा कि प्रदेश में किसानों की हर चीज की लागत लगातार बढ़ रही है और आय बेहद कम है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि किसानों के पास ज़मीन की कमी के कारण भी खेती लगातार घाटे का सौदा बन रही है।

राकेश सिंघा ने भूमिहीन किसानों को जल्द पांच बीघा भूमि उपलब्ध करवाने का आग्रह भी किया।

अभियान

प्रदेश में नशा तस्करी के विरूद्ध पुलिस का व्यापक अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज प्रदेश के सभी ज़िलों में करीब एक सौ 45 स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इस दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ और अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस विभाग ने नागरिकों से नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत एक सौ 12 नम्बर या नजदीकी पुलिस थाने में देने की अपील की है।